# आकाशवाणी श्री विजयपुरम

**दिनांक : 28.02.2025** **समय : 1905**

- **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर शुभकामनाएं दी –कहा जिज्ञासा विज्ञान की जननी है।**
- **श्री विजयपुरम के राजभाषा विभाग की ओर से सरकारी कर्मचारियों के लिए हिन्दी कार्यशाला का आयोजन किया गया।**
- **देश में चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद वृद्धि दर छह दशमलव दो प्रतिशत दर्ज हुई ।**
- **सूचना और प्रसारण मंत्रालय 'वेव्स एक्सप्लोरर चैलेंज' के माध्यम से रचनाकारों और कहानीकारों को यूट्यूब शॉट्स बनाकर भारत के बारे में बताने का एक अवसर प्रदान कर रहा है।**

<><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जिज्ञासा विज्ञान की जननी है। उन्होंने सभी से विज्ञान और नवाचार को लोकप्रिय बनाने और विकसित भारत के निर्माण के लिए विज्ञान का लाभ उठाने का आग्रह किया। वहीं, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने हैदराबाद के गाचीबाउली स्टेडियम में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर आयोजित रक्षा और वैमानिकी प्रदर्शनी विज्ञान वैभव दो हजार पच्चीस का उद्घाटन किया। उन्होंने मानव जाति के सर्वांगीण विकास के लिए विज्ञान के अनुप्रयोग पर बल दिया है।

<><><><><><>

श्री विजयपुरम के राजभाषा विभाग की ओर से प्रशासन और विभिन्न केन्द्रीय सरकारी कार्यालयों के कर्मचारियों के लिए हाल ही में हिन्दी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के उद्घाटन अवसर पर राजभाषा उप सचिव राजेन्द्र इंदवार ने कहा कि अंडमान निकोबार द्वीपसमूह राजभाषा नियम उन्नीस सौ छियहत्तर के अनुसार क्षेत्र "ए" के अंतर्गत आता है। उन्होंने कहा कि गृह मंत्रालय के राजभाषा विभाग द्वारा जारी वार्षिक कार्यक्रम के अनुसार क्षेत्र "ए" में स्थित कार्यालयों के लिए शत–प्रतिशत हिन्दी में सरकारी कार्य करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसलिए कर्मचारियों को अधिक से अधिक सरकारी कार्य हिन्दी में करने का प्रयास करना चाहिए। इस कार्यशाला में प्रशासन के केंद्र सरकार के कार्यालयों के अस्सी से अधिक कर्मचारियों ने भाग लिया। इसमें राजभाषा नीति, अनुवाद एवं टंकण ई–टूल्स तथा त्रैमासिक रिपोर्ट के बारे में जानकारी दी गई।

<><><><><><>

कृषि एवं ग्रामीण समृद्धि पर बजट के बाद वेबिनार का आयोजन कल दिन में ग्यारह बजे नई दिल्ली में किया जाएगा। कार्यक्रम को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अन्य पैनलिस्ट संबोधित करेंगे। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण मोहनपुरा स्थित भारतीय स्टेट बैंक परिसर, में किया जाएगा। सभी किसानों, बैंकरों और अन्य हितधारकों से कार्यक्रम में शामिल होने को कहा गया है।

<><><><><><>

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के केंद्रीय न्यासी बोर्ड ने वर्ष दो हजार चौबीस–पच्चीस के लिए कर्मचारी भविष्य निधि जमा पर आठ दशमलव दो–पांच प्रतिशतकी वर्तमान ब्याज दर में कोई बदलाव नहीं किया है। सात करोड़ से अधिक ग्राहकों के संगठन ने वर्ष दो हजार बाईस–तेईस में ब्याज दर आठ दशमलव एक–पांच प्रतिशत से बढ़ाकर वर्ष दो हजार तेईस–चौबीस में आठ दशमलव दो–पांच प्रतिशत की थी। यह सिफारिश अनुमोदन के लिए केंद्रीय वित्त मंत्रालय भेजी जाएगी। केंद्रीय श्रम और रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया की अध्यक्षता में हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया। केंद्रीय न्यासी बोर्ड की यह दो सौ सैंतीसवीं बैठक थी।

<><><><><><>

देश में चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद वृद्धि दर छह दशमलव दो प्रतिशत दर्ज हुई, जो इससे पिछली तिमाही में पांच दशमलव छह प्रतिशत दर्ज हुई थी। इस तरह भारत ने दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था का तमगा बरकरार रखा है। देश में पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में आठ दशमलव छः प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही के जी डी पी आंकड़े यह दर्शा रहे हैं कि देश में अच्छे मानसून के बाद ग्रामीण खपत में वृद्धि के साथ सरकारी खर्च में वृद्धि का अनुकूल परिणाम निकला है। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा जारी पहले संशोधित अनुमान के अनुसार वित्त वर्ष दो हजार चौबीस–पच्चीस में वास्तविक जीडीपी में छः दशमलव पांच प्रतिशत की वृद्धि होने का अनुमान है। मंत्रालय ने कहा है कि वित्तीय वर्ष दो हजार तेईस–चौबीस के दौरान वास्तविक वृद्धि दर नौ दशमलव दो प्रतिशत दर्ज हुई, जो पिछले बारह वर्षों के दौरान कोविड के बाद वित्त वर्ष दो हजार बाईस को छोड़कर सर्वाधिक है। आलोच्य अवधि में 'विनिर्माण' क्षेत्र में बारह दशमलव तीन प्रतिशत निर्माण क्षेत्र दस दशमलव चार प्रतिशत और वित्तीय, रियल एस्टेट और व्यावसायिक सेवा' क्षेत्र में दोहरे अंकों में वृद्धि हुई।

<><><><><><>

महिला दिवस के अवसर पर अंडमान निकोबार फुटबॉल एसोसिएशन की ओर से महिला फुटबॉल का आयोजन किया जाएगा। आठ मार्च को दोपहर दो बजे से जे एन आर एम फुटबॉल मैदान में ए एफ सी महिला फुटबॉल आरंभ होगा। इस प्रतियोगिता में खिलाड़ियों का प्रवेश निःशुल्क है। इच्छुक महिला टीमों से छः मार्च तक फोन नंबर 9476079195, 9933212308, 9434286633 पर संपर्क कर सकते हैं।

उधर, खेल और युवा मामले विभाग की ओर से आठ मार्च को श्री विजयपुरम स्थित नेताजी स्टेडियम परिसर, में महिला दिवस मनाया जाएगा। इस सिलसिले में विभिन्न विभागों की महिला कर्मचारियों और आम जनता के लिए विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। इसमें अट्ठारह से चालीस वर्ष आयु वर्ग की महिलाएं भाग ले सकती है। प्रतियोगिता में फुटबॉल, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, साइकिलिंग, सैक रेस और रस्साकशी जैसे खेल शामिल हैं। दूसरी श्रेणी में इकतालीस से साठ वर्ष आयु वर्ग की महिलाओं के लिए वॉकिंग रेस, स्पून मार्बल रेस, रिवर्स वॉकिंग और पासिंग द बॉल जैसी प्रतियोगिताएं रखी गई हैं। सभी इच्छुक महिलाएं चार मार्च तक अपना नाम डॉ. एस. उषा रानी, के पास मोबाइल नंबर 9531929184 पर पंजीकृत करा सकती हैं।

<><><><><><><>

वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंड एंटरटेनमेंट समिट–वेव्स 'वेव्स एक्सप्लोरर चैलेंज' के माध्यम से रचनाकारों और कहानीकारों को यूट्यूब शॉर्ट्स बनाकर भारत के बारे में बताने का एक अवसर प्रदान कर रहा है। इसकी सामग्री मौलिक होनी चाहिए और विशेष रूप से इस प्रतियोगिता के लिए बनाई गई होनी चाहिए। ब्लॉग के लिए अधिकतम अवधि सात मिनट है, जबकि शॉर्ट फॉर्म वीडियो के लिए यह एक मिनट है। सूचना और प्रसारण मंत्रालय की साझेदारी में इंटरनेट और मोबाइल एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित, यह प्रतियोगिता क्रिएट इन इंडिया चैलेंज का हिस्सा है। ये वेव्स के तहत एक प्रमुख पहल है, यह सम्मेलन पहली मई से चार मई तक जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर और जियो वर्ल्ड गार्डन, मुंबई में आयोजित किया जाएगा।

<><><><><><><>

कैम्पबेल बे के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में अल्ट्रा साउंड मशीन स्थापित की गई है। इस मशीन को चिकित्सा अधिकारी डॉ. जूलियट जेम्स और डॉ. इरीन मैरी की अध्यक्षता में स्थापित किया गया। इसके स्थापित होने से स्थानीय लोगों की लम्बित मांग पूरी हुई है। साथ ही यहां के लोगों को डिजिटल एक्स–रे मशीन की सुविधा भी प्राप्त हुई है।

<><><><><><><>

आगामी आठ मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाएगा। इस सिलसिले में पुलिस अधीक्षक निहारिका भट्ट ने आकाशवाणी समाचार के साथ महिला सशक्तिकरण पर अपने विचार साझा किए। श्रीमती भट्ट के साथ की गई बातचीत का विस्तृत ब्यौरा आप हमारे आमने–सामने कार्यक्रम में सुन सकते हैं। इसे कल शाम साढ़े छः बजे से प्रसारित किया जाएगा।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह मे रमजान का पवित्र महीना दो मार्च से शुरू होने जा रहा है। चांद न दिखाई देने के कारण अंडमान निकोबार हिलाल समिति की एक बैठक में इसकी घोषणा की गई है। तरावीह की नमाज कल से अदा की जाएगी।

<><><><><><><>